Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Thummar Shri Virjibhai

Title: Need to improve the mobile telephone network in Amreli and Junagarh Districts of Gujarat and provide connectivity to more areas in the region.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरेली के दो जिलों अमरेली एवं जूनागढ़ में मोबाइल सेवा के अभाव एवं घटिया स्तर की मोबाइल सेवा की तरफ दिलाना चाहता हूं। इन जिलों के कई तालुकाओं, जैसे कुकावाव, लाठी, खाम्बा एवं लिलिया जाफराबाद में अभी तक मोबाइल सेवा शुरू नहीं की गई है एवं धारी और अमरेली क्षेत्र में मोबाइल सेवा ठीक ढंग से काम नहीं करती है एवं घरों में तो मोबाइल सेवा बिल्कुल काम नहीं करती है। जिसके कारण लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। अगर यह मोबाइल सुविधा लोगों को अच्छी तरह से मिले तो यहां पर मोबाइल टेलीफोनों की मांग बहुत ज्यादा हो सकती है। जिससे दूरसंचार को राजस्व का फायदा होगा। साथ ही साथ सदन को यह भी बताना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में कई तालुकाओं में इंटरनेट की सुविधाएं भी नहीं हैं जिसके कारण दूरसंचार की आधुनिक सेवाओं का लाभ मेरा संसदीय क्षेत्र नहीं उठा पा रहा है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अमरेली एवं जूनागढ़ जिलों में मोबाइल सेवा दुरुस्त की जाए। जहां पर मोबाइल सेवा शुरू नहीं की गई है, वहां पर जल्द इन सेवाओं को शुरू करवाया जाए।